सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी(राजस्थान) 333031

सं. 35/29/2020-राभा

दिनांक – 6 जनवरी, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में विश्व हिन्दी दिवस 2023 का आयोजन।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से संस्थान में आगामी 10 जनवरी, 2023 को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध विज्ञान लेखक **डॉ दुर्गादत्त ओझा**, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार एवं **मुख्य अतिथि** होंगे तथा **प्रोफेसर अनिता जैन**, डीन एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, वनस्थली विद्यापीठ **विशिष्ट अतिथि** होंगी। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा आमंत्रित व्याख्यान भी दिया जाएगा।

आयोजन की तिथि	–	10 जनवरी, 2023 (विश्व हिन्दी दिवस)
समय	–	प्रातः 10.00 बजे से
स्थान	–	मुख्य सभागार

संस्थान के प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहकर्मियों सहित एवं शोधार्थी एवं परियोजना सहायक आदि सभी कार्मिक इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। विश्व हिंदी दिवस समारोह में सभी सहकर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। अतः सभी कार्मिकों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा आमंत्रित व्याख्यानों से लाभान्वित हों।

06/01/2023
(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रमुख, पीएमई
3. प्रशासन नियंत्रक/प्रशासनिक अधिकारी
4. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
5. रा.का.स. के सभी सदस्य
6. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – कृपया इसे अपने अधीनस्थ सहकर्मियों की जानकारी में ला दें।
7. डॉ आर के सिंह – अतिथियों के लिए गुलदस्तों (04) की व्यवस्था के लिए ।
8. श्री राकेश सेठी – लैपटॉप/पीए सिस्टम/फोटोग्राफी/उद्घोषणा की व्यवस्था के लिए।
9. प्रभारी, एन एम सी – का. ज्ञा. को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं सभागार में आयोजन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
10. सुरक्षा अधिकारी/श्री किशन लाल – सभागार में स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
11. सूचना पट्ट